# जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जिला पेयजल स्वच्छता समिति की पेयजल योजना से सम्बन्धित महत्वपूर्ण बिन्दुओं की प्रगति की समीक्षा हेतु आयोजित बैठक दिनांक 25.04.2026 का कार्यवृत्त

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दिनांक 25.04.2026 को जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन कार्यक्रम की बैठक सम्पन्न हुयी । बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, अधिशासी अभियन्ता विद्युत विभाग, अधिशासी अभियंता, उ0प्र0 जल निगम, ग्रामीण, डी.सी. डीपीएमयू सहित कार्यदायी संस्था जी.ए. इन्फ्रा के परियोजना प्रबन्धक तथा सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे ।

बैठक में समीक्षा के दौरान दिये गये मुख्य निर्देश निम्नवत् हैं:–

समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियंता, जल निगम, ग्रामीण द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जनपद में 02 कार्यदायी संस्था क्रमशः वेलस्पन एवं जी.एन. इन्फ्रा कार्य कर रही है । कार्यदायी संस्था वेलस्पन एवं जी.एन. इन्फ्रा द्वारा कराये जा रहे कार्यों की अद्यतन स्थिति निम्नवत् है :–

वेलस्पन इन्टरप्राइजेज लिमिटेड–

| Sl.No. | Item | Scope | Completed | Work in Progress |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Tubewell | 263 | 259 | 4 |
| 2 | Pump House | 263 | 253 | 10 |
| 3 | Chlorination | 263 | 223 | 40 |
| 4 | Solar | 259 | 198 | 61 |
| 5 | ESR (OHT) | 263 | 61 | 202 |
| 6 | Pipeline (Km.) | 3950.25 | 3939 | 30 |
| 7 | FHTC | 160069 | 112460 | 47609 |
| 8 | Har Ghar Jal | 752 | 43 | 707 |

जी0ए0 इन्फा–

| Sl.No. | Item | Scope | Completed | Work in Progress |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Tubewell | 136 | 135 | 0 |
| 2 | Pump House | 136 | 132 | 3 |
| 3 | Solar | 121 | 119 | 2 |
| 4 | ESR (OHT) | 136 | 126 | 9 |
| 5 | Pipeline (Km.) | 1561 | 1514 | 47 |
| 6 | FHTC | 54024 | 52446 | 1578 |
| 7 | Har Ghar Jal | 244 | 73 | 171 |

समीक्षा से स्पष्ट हुआ की गत बैठक दिनांक 25.3.2026 से दिनांक 25.4.2026 एक माह के भीतर कार्यदायी संस्था वेलस्पन द्वारा शिरोपरि जलाशय में 02 नग एवं गृह जल संयोजन में 717 नग की प्रगति की गयी है । जी.ए. इन्फ्रा द्वारा गत एक माह में कोई प्रगति नहीं की गयी है । उक्त स्थिति पर रोष प्रकट करते हुए कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया गया कि वे मैनपावर बढ़ाकर कार्य तेजी से कराया जाना सुनिश्चित करायें । अधिशासी अभियंता, जल निगम, ग्रामीण को निर्देशित

किया गया कि वे प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को जल जीवन मिशन की बैठक समस्त संबंधितों के साथ दोपहर 12.30 बजे से कराया जाना सुनिश्चित करायें ।

**कार्यवाही :– अधिशासी अभियन्ता जल निगम /नामित एजेन्सी।**

अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण द्वारा अवगत कराया गया कि गोपीपुर कांशीरामपुर, मवैयाहरदोपट्टी, पुरेविश्वनाथ, सिकीचौरा, चककलुटी, सरायजगदीश, मैलौना में एच0टी0 लाईन शिफ्टिंग कराये जाने का कार्य अवशेष है। अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण को निर्देशित किया गया कि वे अधिशासी अभियंता, विद्युत को पत्र प्रेषित कराये एवं व्यक्तिगत रूप से सम्पर्क कर एच.टी. विद्युत लाईन शिफ्ट नये कनेक्शन कराये जाने का कार्य पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करायें।

**कार्यवाही :– अधिशासी अभियन्ता जल निगम/अधिशासी अभियन्ता विद्युत विभाग**

गोपीगंज में निर्मित नयी पानी की टंकी के संबंध में अधिशासी अभियंता, जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि पानी टंकी की टेस्टिंग पूर्ण कर ली गयी है, टंकी कियाशील है । हैण्डओवर किये जाने हेतु अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका गोपीगंज को पत्र लिखा गया है, परन्तु अभी तक हैण्डओवर की कार्यवाही पूर्ण नहीं हुई है। पूर्व से निर्मित शिरोपरि जलाशय जर्जर अवस्था में है। जिससे जलापूर्ति तत्काल बन्द कराने एवं पासियान मोहल्ले में नवनिर्मित शिरोपरि जलाशय से संचालन एवं हस्तान्तरण की कार्यवाही पूर्ण कराये जाने हेतु अधिशासी अभियंता जल निगम को निर्देशित किया गया कि अधोहस्ताक्षरी के माध्यम से अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद गोपीगंज को पत्र प्रेषित करायें। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद गोपीगंज को निर्देशित किया गया कि वे टेकओवर कर निर्मित टंकी का नियमानुसार संचालन करायें तथा पुरानी टंकी का प्रयोग न करें।

**(कार्यवाही– अधिशासी अभियंता, जल निगम, ग्रामीण /अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद गोपीगंज)**

अधिशासी अभियंता, जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि 04 स्थलों पर (ग्राम अशोगापुर विकासखण्ड भदोही, ग्राम अहिमनपुर विकासखड औराई, ग्राम कठौता विकासखण्ड ज्ञानपुर ग्राम पूरेबहुरिया विकासखण्ड ज्ञानपुर) भूमि की उपलब्धता न होने के कारण कार्य प्रारम्भ नहीं है । यह भी अवगत कराया गया कि ग्राम अहिमनपुर विकासखण्ड औराई एवं ग्राम कठौता विकासखण्ड ज्ञानपुर में लेखपाल की रिपोर्ट के अनुसार भूमि उपलब्ध नहीं है । अधिशासी अभियंता, जल निगम को निर्देशित किया गया कि वर्तमान में गेहूँ की कटाई पूर्ण हो गयी है । सम्बन्धित उपजिलाधिकारी से सम्पर्क कर जमीन का चिन्हांकन करायें, जिन ग्राम पंचायत में जमीन उपलब्ध नहीं है, उसके राजस्व ग्राम अथवा बगल के गांव में जमीन का चिन्हांकन कराते हुए निर्माण कार्य शीघ्र प्रारम्भ कराया जाना सुनिश्चित करायें ।

**(कार्यवाही– अधिशासी अभियंता, जल निगम, <u>ग्रामीण/सम्बन्धित</u> उपजिलाधिकारी भदोही)**

अधिशासी अभियंता, जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि वेल्स्पन एवं जी.ए. इन्फ्रा की जो परियोजना पूर्ण हो गयी है और सुचारू रूप से जलापूर्ति कराया जा रहा है, ऐसे परियोजनाओं की सूची खण्ड विकास अधिकारियों को सत्यापन हेतु उपलब्ध करा दिया गया है । समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने विकास खण्ड में संचालित पेयजल परियोजना का निरीक्षण करते हर घर जल सत्यापन की कार्यवाही पूर्ण कराना सुनिशिचित करें।

**(कार्यवाही–समस्त खण्ड विकास अधिकारी)**

अधिशासी अभियंता, जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि एक परियोजना पिपरीस–2 की आई.डी. नहीं बन पा रही है, क्योंकि पिपरीस के नाम एक आईडी बनी है, जिसपर कार्य हो रहा है ।

अधिशासी अभियंता जल निगम को निर्देशित किया गया कि वे पिपरीस योजना के अवशेष बस्तियों को आस पास की योजनाओं से संस्तृप्त करने की कार्यवाही की जाए।

**(कार्यवाही– अधिशासी अभियंता, जल निगम)**

कार्यदायी संस्था वेल्सपन के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में 75 टीमें कार्य रही रही है, इसी प्रकार जी.ए. इन्फ के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि 8 टीमें कार्य कर रही है । दोनों कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया गया कि वे मैनपॉवर बढ़ाते हुए आवंटित कार्य को मानक के अनुसार शीघ्र पूर्ण कराते हुए जलापूर्ति कराया जाना सुनिश्चित करायें । अधिशासी अभियंता, जल निगम, ग्रामीण को निर्देशित किया गया कि वे दोनों संस्थाओं द्वारा प्रत्येक दिवस कराये जा रहे कार्यों का सघन अनुश्रवण कर वस्तुस्थिति से अवगत करायें तथा कम प्रगति के संबंध में उच्च स्तर पर पत्राचार कराया जाना सुनिश्चित करायें ।

**(कार्यवाही– संबंधित कार्यदायी संस्था, अधिशासी अभियंता, जल निगम, ग्रामीण)**

अतः सभी संबंधित निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन करते हुए अनिवार्य रूप से 03 दिन के भीतर अनुपालन आख्या प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

Digitally signed by
BALGOVIND SHUKLA
Date: 04-05-2026
12:12:52

Digitally signed by
Shailesh Kumar
Date: 05-05-2026
18:53:30

(जिलाधिकारी)
भदोही।

<u>**कार्यालय जिलाधिकारी भदोही।**</u>

**पत्रांक** 1975/ कार्य-33 / 06 **दिनांक** 5-5-2026

प्रतिलिपि :–

1. मुख्य विकास अधिकारी भदोही।
2. सम्बन्धित समस्त अधिकारी भदोही।
3. समस्त अन्य संबंधित अधिकारीगण को इस आशय से प्रेषित कि अपेक्षित बिन्दुओं का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए अनुपालन आख्या प्रत्येक दशा में 03 के भीतर प्रस्तुत करें।

(जिलाधिकारी)
भदोही।